



# फिरकी

अंक 5

Firkee बच्चों की

आगड़ धप्पी,
बागड़ धप्पी,
आओ खेलें,
थ थ थप्पी।



## टेसू

टेसू आया टेसन से,
रोटी खाई बेसन से।
टेसू मेरौ ठाड़ौ है,
लगै जोर से जाड़ौ है।

# फिरकी

Firkee बच्चों की






## इस अंक में


| क्र.सं. | रचना | रचनाकार | चित्रांकन | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आगड़ धप्पी | अनवारे इस्लाम | तापोशी घोषाल | 1 |
| 2. | टेसू | रेखा | जितेन्द्र ठाकुर | 2 |
| 3. | बादलों में देखा... | उषा शर्मा | जितेन्द्र ठाकुर | 4-9 |
| 4. | Caterpillar | Tanya, Vinita | Ruchin Soni | 10 |
| 5. | करके देखो | नीलम और ऋतु | | 11 |
| 6. | जंगल | | तापोशी घोषाल | 12-13 |
| 7. | बोलती तसवीरें | उषा शर्मा | | 14 |
| 8. | छींक | प्रभात | जितेन्द्र ठाकुर | 15 |
| 9. | Yellow Flowers<br>Jitender Thakur | Sonika Kaushik | Jitender Thakur | 16-17 |
| 10. | कुछ हम लिखें<br>कुछ तुम लिखो | प्रभात | रुचिन सोनी | 18 |
| 11. | वाह! मेरे घोड़े | रमेश तैलंग | जितेन्द्र ठाकुर | 19 |
| 12. | मैंने बनाई कहानी | श्याम सुंदर | | 20-22 |
| 13. | मन की बात | | | 23 |
| 14. | चित्र हमारे<br>शब्द तुम्हारे | | रेनू शर्मा | 24 |

# बादलों में देखा....



मीता को एक मोर मिला।
रंग–बिरंगे पंखों वाला मोर!
मोर ने कहा, ''मीता, क्या तुम
बादलों की सैर करोगी?''



"हाँ-हाँ क्यों नहीं!" - मीता चहकते हुए बोली। मीता मोर के ऊपर बैठ गई। मोर उसे बादलों की गलियों में ले गया।



मीता ने देखे बादल–

जैसे रूई के पहाड़

जैसे काली–सफ़ेद बिल्लियाँ




जैसे सफ़ेद ऊन वाली भेड़

जैसे हाथियों के झुंड



जैसे नरम बिछौना


मीता को नींद आने लगी। वह बादलों के बिछौने पर लेटी।



# धड़ाम !




मीता बिस्तर से नीचे पड़ी थी।



# Caterpillar

**Small and green,**
**Brown and furry,**
**Hiding and sleeping**
**On a leaf up high;**
**O little caterpillar,**
**Will you be a butterfly?**



# करके देखो

तरह-तरह की सूखी पत्तियों को जोड़कर, मनपसंद जानवर बनाओ।








# जंगल





# बोलती तसवीरें





## छींक

मक्खी ने छींका,
आ छीं!
मच्छर ने छींका,
मा छीं!
हाथी ने छींका,
उँ छीं!
चूहे ने छींका,
फूँ छीं!
चींटी ने छींका,
ऊँ हीं!
चीटें ने छींका,
फूँ हीं!

# Yellow Flowers




It was a sunny day.
Avi comes down from her home.


She finds hundreds of flowers
lying on the ground.

She wears one flower
as a cap and...






makes beautiful patterns
with other flowers.



# कुछ हम लिखें कुछ तुम लिखो

## तीन मेंढक





मेंढक तीन घूमने चले,
दिनभर गाना-बजाना किया,
रुपया-किराया कुछ ना दिया,
ऐओ ऐओ,
चुप ना रहे।



बिल्लियाँ तीन घूमने चलीं,
दिनभर ..............................,
रुपया-किराया कुछ ना दिया,
.........................,
चुप ना रहीं।







बकरियाँ तीन ...................,
......................................,
......................................,
.............................,
.............................।


# वाह! मेरे घोड़े

एक कदम, दो कदम, तीन कदम ताल,
वाह, मेरे घोड़े क्या तेरी चाल!

एक कदम, दो कदम, तीन कदम ताल,
भाग मेरे घोड़े चल नैनीताल!

एक कदम, दो कदम, तीन कदम ताल,
ले मेरे घोड़े चने की दाल!

एक कदम, दो कदम, तीन कदम ताल,
खाकर दिखा फिर अपना कमाल!




# मैंने बनाई कहानी



एक पेड़ पर चिड़िया रहती थी।



पेड़ पर चिड़िया का घोंसला था।



घोंसले में चिड़िया के दो अंडे थे।

अंडों में से दो बच्चे निकले।
उनका नाम मुनमुन और मुन्ना था।






एक दिन साँप पेड़ पर चढ़ गया।



घोंसले में से एक बच्चे को उठा ले गया।
फिर चिड़िया रोने लगी।



चिड़िया ने वहाँ पर झोंपड़ी देखी।
झोंपड़ी के पास उसका बच्चा मुन्ना मिल गया।



चिड़िया उसे देखकर खुश हो गई।
बच्चे चिड़िया के साथ मज़े से रहने लगे।

# मन की बात




प्रियंका साहू, केंद्रीय विद्यालय, एनसीईआरटी



खुशी, सवाईमाधोपुर




प्रियांशी मालवीय, शाहपुर



मयूर मनोहर, महाराष्ट्र

## कुछ करने के लिए


गिनकर बताओ, इन चींटियों के लिए कितने जोड़ी जूते चाहिए होंगे?



# चित्र हमारे शब्द तुम्हारे



इस चित्र पर कोई मज़ेदार कहानी या कविता बनाकर हमें दिए गए पते पर भेजें। साथ अपनी एक फ़ोटो भी ज़रूर भेजना।





**सुझावों तथा प्रतिक्रियाओं के लिए संपर्क करें-**

उषा शर्मा एवं मीनाक्षी खार (कार्यकारी संपादक)
प्रारंभिक साक्षरता कार्यक्रम,
कक्ष संख्या 307, तीसरी मंज़िल, जी.बी.पंत ब्लॉक
एन.सी.ई.आर.टी., श्री अरविंद मार्ग,
नयी दिल्ली-110016
दूरभाष - 01126863735
ईमेल - readingcell.ncert@gmail.com



**संपादन मंडल**

| | |
|---|---|
| **शैक्षणिक संपादक -** | उषा शर्मा एवं मीनाक्षी खार |
| **संपादन मंडल -** | कीर्ति कपूर, ज्योत्स्ना तिवारी, श्वेता उप्पल, डी. के. शिंदे, मंजुला माथुर, लता पांडे, संध्या सिंह |
| **सहयोग -** | अमिता, तान्या सूरी, निशु जायसवाल, रेनु शर्मा, विनीता अरोड़ा एवं हरिदर्शन |
| **साज-सज्जा -** | ऋतु झा |

**प्रकाशन सहयोग**

| | |
|---|---|
| **अध्यक्ष, प्रकाशन प्रभाग** | : **दिनेश कुमार** |
| **मुख्य संपादक** | : **श्वेता उप्पल** |
| **मुख्य व्यापार प्रबंधक** | : **गौतम गांगुली** |
| **मुख्य उत्पादन अधिकारी (प्रभारी)** | : **अरुण चितकारा** |
| **सहायक उत्पादन अधिकारी** | : **जहान लाल** |



**सर्वाधिकार सुरक्षित**

* प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भाग को छापना तथा इलैक्ट्रॉनिकी, मशीनी, फोटोप्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुन: प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।
* इस दस्तावेज़ की आंशिक या समग्र रूप से समीक्षा, सारांश, पुन: उत्पादन अथवा अनुवाद किया जा सकता है लेकिन इसे न तो विक्रय के लिए और न ही किसी व्यावसायिक उद्देश्य के लिए उपयोग में लाया जाए।
* इस पत्रिका की बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना यह पत्रिका अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाएगी।



21029

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्**
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
श्री अरविन्द मार्ग, नयी दिल्ली 110 016

100 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित

प्रकाशन प्रभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविन्द मार्ग, नयी दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा पुष्पक प्रैस प्राइवेट लिमिटेड, 203-204 डी.एस.आई.डी.सी. शेड्स, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फ़ेस-I, नयी दिल्ली 110 020 द्वारा मुद्रित।

₹ 25.00

ISBN 978-93-5007-341-4